अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 कुदरत के सामने...
6 इंदौर में महिला कबड्डी लीग की ट्रॉफी लॉन्च...
7 मुख्यमंत्री श्री चौहान से कटनी के बंजारी हेलीपेड पर मिली लाड़ली बहनें

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-21 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 13 जून से 19 जून 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## प्रियंका गांधी ने खेला कर्नाटक वाला दांव, 5 घोषणाओं से एमपी की सत्ता में वापसी का किया ऐलान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी एमपी के जबलपुर पहुंची। प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- आपके साथ पिछले 18 साल से गलत हो रहा है। आपका इस्तेमाल हुआ आपका शोषण हो रहा है। प्रियंका ने कहा कि 2018 में आप लोगों ने कांग्रेस की सरकार को चुना। लेकिन धन-बल से जनादेश को कुचल दिया गया। 2018 में आपने हमारी सरकार बनाई थी, लेकिन जोड़-तोड़ और पैसे से भाजपा के लोगों ने हमारी सरकार तोड़ी और अपनी बना ली। आपका कुछ फायदा होता तो समझ में आता।

प्रियंका ने कहा इन्होंने महाकाल को नहीं छोड़ा। हवा से मूर्तियां उड़ रही हैं। इन्होंने भगवान को भी नहीं छोड़ा। राज्य में तकरीबन हर महीने एक नया घोटाला हो रहा है। प्रियंका ने कहा- आज मैं कुछ गारंटी दे रही हूं। वे गारंटी जो हम 100 प्रतिशत पूरा करेंगे। यही वादा हमने कर्नाटक में किया। वहां की सरकार ने आते ही बिल पास कर दिया।


### प्रियंका गांधी ने की पांच घोषणाएं

हर महीने महिलाओं को 1500 रुपए दिए जाएंगे।
गैस सिलेंडर 500 रु. का मिलेगा।
100 यूनिट बिजली फ्री। 200 यूनिट हाफ होगी।
मध्यप्रदेश में पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे।
किसान कर्जमाफी का काम पूरा करेंगे।

# भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय

## केरल-मुंबई में दिखने लगा असर

**चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के असर से केरल और मुंबई के समंदर में हलचल देखने को मिल रही है. हाई टाइड के बीच समंदर में ऊंची लहरें उठ रही हैं. मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के कच्छ जिले से गुजरेगा जो 15 जून को पाकिस्तान के कराची तट तक पहुंच सकता है।**






Cyclone Biparjoy आगे बढ़ने के साथ-साथ विकराल होता जा रहा है. चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के असर से केरल और मुंबई के समंदर में हलचल देखने को मिल रही है. हाई टाइड के बीच समंदर में ऊंची लहरें उठ रही हैं. चक्रवाती तूफान के कारण तेज हवाएं चलने के साथ ही बारिश की गतिविधियां भी जारी हैं।

मुंबई के कई इलाकों में बीती रात तेज बारिश देखने को मिली. वहीं, समंदर हाई टाइड की चपेट में है. आईएमडी के मुताबिक, मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश हुई है. राज्य के तटीय हिस्सों में तेज हवाएं चल रही हैं. तूफान की बढ़ती हलचल को देखते हुए कांडला पोर्ट पूरी तरह से खाली कराया गया है. जहाजों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है।

मुंबई के रीजनल मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के तेज होने के मद्देनजर बारिश की चेतावनी जारी की है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, अगले 2 दिन महाराष्ट्र की राजधानी समेत राज्य के कई शहरों में गरज के साथ बारिश की संभावना है. मौसम विभाग का कहना है कि रत्नागिरी, रायगढ़, ठाणे, पालघर में आज (सोमवार) भी तेज हवाओं के साथ मध्यम बारिश होगी. मौसम विभाग ने ठाणे के लिए आज येलो अलर्ट जारी किया है. केरल, गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय इलाकों में चक्रवात का असर दिखाई दे रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के कच्छ जिले से गुजरेगा जो 15 जून को पाकिस्तान के कराची तट तक पहुंच सकता है. तटीय इलाकों से टकराने की संभावना को देखते हुए गुजरात सरकार एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के दलों को तटीय इलाकों में तैनात कर रही है।

अंडमान निकोबार द्वीप समूह, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात में 15 जून तक तेज बारिश की संभावना है।

# क्यों एक बार फिर पीएम मोदी को सीधे निशाना बनाने लगे सीएम केजरीवाल? क्या है रणनीति

**सीएम अरविंद केजरीवाल के भाषणों में बीते कुछ महीनों से एक बदलाव नोटिस किया जा रहा है. वह एक बार फिर पीएम मोदी पर सीधे तौर पर निशाना साधने लगे हैं, जबकि 2019 में बीजेपी की जीत होने और पीएम मोदी 2.0 कार्यकाल शुरू होने के बाद उन्होंने इस तरह के हमले बंद कर दिए थे. सीएम केजरीवाल में हुए इस बदलाव की वजह क्या है?**




दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को रामलीला मैदान में महारैली की और केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ हुंकार भरी. इस रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने पीएम मोदी को चौथी पास राजा बताते हुए कहानी भी सुनाई. चौथी पास कहकर एक बार फिर उन्होंने पीएम मोदी की शिक्षा को लेकर निशाना साधा, जैसा कि वह पिछले कुछ महीनों से करते आ रहे हैं।

इससे पहले अरविंद केजरीवाल जब जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने पर पहुंचे थे, तब भी उन्होंने पीएम मोदी का जिक्र करते हुए एक कहानी सुनाई थी और उन पर निशाना साधा था. आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के निकाय चुनावों के लिए बीते दिनों थीम सॉन्ग लॉन्च किया था. गीत जिसके बोल थे **केजरीवाल कचरा साफ करेगा,** इसमें जहां आम आदमी पार्टी अपने दिल्ली और पंजाब मॉडल को बहुत अच्छा बता रही थी तो वहीं बिजली माफ-पानी हॉफ जैसी योजनाओं को भी प्रचारित कर रही थी।

इन सबके बीच जो एक बात खास तौर पर ध्यान खींच रही थी, वह थी गाने में पीएम मोदी, सीएम योगी और कमल निशान के झंडे का प्रयोग. थीम सॉन्ग में एक जगह जब ये वाक्य आता है कि भ्रष्टाचारी को हटाना है तो स्क्रीन पर पीएम मोदी और सीएम योगी नजर आते हैं. यानी आम आदमी पार्टी ने अपने थीम सॉन्ग में सांकेतिक तौर पर ही सही, लेकिन बाकायदा फोटो लगा कर पीएम मोदी को भ्रष्टाचारी कहा था।

## 4 जुलाई को होगा भारतीय ओलंपिक संघ का चुनाव, पहलवानों और सरकार से बातचीत के बाद फैसला



जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को कुश्ती महासंघ के चुनावों के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है.

भारतीय ओलंपिक संघ चार जुलाई को भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव कराएगा. जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश महेश मित्तल कुमार को भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावों के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है. कुश्ती महासंघ के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहलवान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं.

बृजभूषण शरण सिंह पर कई महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं. जिसको लेकर दिल्ली पुलिस ने दो एफआईआर भी दर्ज की हैं. पहलवानों ने बीते बुधवार को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की थी जिसमें उन्होंने अपनी सभी मांगों से खेल मंत्री को अवगत कराया था.

### पहलवानों को सरकार ने दिया था आश्वासन

सरकार ने पहलवानों को आश्वासन दिया था कि 15 जून तक बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा. साथ ही कुश्ती महासंघ के चुनाव कराने और प्रदर्शनकारी पहलवानों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की बात भी कही थी. इसके बाद पहलवानों ने अपना प्रदर्शन 15 जून तक के लिए स्थगित करने का ऐलान किया था

सम्पादकीय

## कुदरत के सामने



**प्रकृति पर किसी का बस नहीं है और उसकी अनिश्चितता के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता।**

प्रकृति की अपनी अपनी गति होती है और अगर यह अपनी सामान्य अवस्था में है तो धरती पर जीवन स्थितियां मजबूत होती हैं। लेकिन अगर किन्हीं वजहों से इसका चक्र बाधित होता है तो यही प्रकृति बड़े नुकसान का भी वाहक बनती है। पिछले कुछ सालों से जलवायु परिवर्तन के मसले पर समूची दुनिया में चिंता जाहिर की जा रही है।

लेकिन अब जिस तेज गति से मौसम के रुख में बदलाव और अप्रत्याशित उथल-पुथल देखा जा रहा है, वह निश्चित रूप से एक बड़ी चिंता की वजह होनी चाहिए। पर्यावरण के मसले पर हाल ही में आई एक रपट में जो आकलन सामने आया है, उससे यह समझा जा सकता है कि वह ठंड हो या गर्मी या फिर बरसात, इनका जो असर सामने आ रहा है, उसने सबको चौंकाया है।

कभी कड़ाके की ठंड तो कभी तेज गर्मी या फिर बेमौसम बरसात ने समूचे जनजीवन को बाधित किया है। इसके अलावा, बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली आदि में असंतुलन की वजह से इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही कम से कम दो सौ तैंतीस लोगों की जान चली गई और लगभग साढ़े नौ लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसल बर्बाद हो गई। इस तरह खेती-किसानी को भी व्यापक नुकसान हुआ।

प्रकृति पर किसी का बस नहीं है और उसकी अनिश्चितता के बारे में पक्के तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। इसलिए अचानक ही होने वाली बरसात, बर्फबारी या फिर तापमान में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव आदि की वजह से होने वाले नुकसान पर भी किसी का जोर नहीं चलता। चिंता की बात है कि वक्त के साथ मौसम की मार का असर पहले के मुकाबले अब ज्यादा गंभीर होता जा रहा है।

गर्मी, जाड़ा या बरसात आदि में असंतुलन की वजह से पिछले साल जहां देश के सत्ताईस राज्य बुरी तरह प्रभावित हुए थे, वहीं इस साल विपरीत मौसम की वजह से होने वाले हादसों या जानलेवा घटनाओं की चपेट में बत्तीस राज्य आए। विडंबना यह है कि विज्ञान और अन्य आधुनिक आविष्कारों और खोजों के जरिए मनुष्य ने प्रकृति और मौसम को करीब से समझना शुरू तो कर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि प्रकृति के स्वाभाविक स्वरूप में मनुष्य ने आधुनिकतम तकनीकों सहित अलग-अलग तरीकों से बड़े पैमाने पर दखल भी दिया है। यह बेवजह नहीं है कि ठंड, गर्मी या फिर बरसात के अलावा तूफान और बर्फबारी की घटनाएं भी असामान्य रूप में सामने आ रही हैं।

हालांकि जलवायु परिवर्तन को लेकर पिछले कई दशकों से विश्व भर में चिंता जताई जा रही है और इसमें पृथ्वी के अनुकूल हालात बनाने के लिए पूर्व-सावधानी के तौर पर कई उपाय भी बताए जाते रहे हैं। लेकिन ऐसे उपायों का हासिल क्या होना है, जिसमें जलवायु के बिगड़ने में जिन देशों की भूमिका ज्यादा है, वही अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लें और पर्यावरण या जलवायु को स्वस्थ बनाने और बचाने का दायित्व गरीब और विकासशील देशों पर थोप दें!

वैश्विक स्तर पर विकसित और धनी देशों में मानव जनित परिस्थितियों की वजह से जलवायु पर पड़ने वाले प्रभावों का नुकसान उन देशों को उठाना पड़ता है, जहां अभी संसाधनों के अभाव की वजह से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा पाते। आज विज्ञान का विकास अपने चरम पर है।

ऐसे में जरूरत इस बात की है कि कुदरत के अपने स्वरूप में दखल न दिया जाए, बदलते मौसम का पक्का अनुमान लगाने की व्यवस्था हो और उसी मुताबिक जानमाल को बचाने के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएं। कुदरत के अपने रुख को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के इंतजाम करके नुकसान को काफी हद तक कम जरूर किया जा सकता है।



संपादक-
गोपाल गावंडे



# पंचायत चुनाव तृणमूल के लिए अहम

**टीएमसी नेतृत्व का मानना है कि लोकसभा और ग्रामसभा चुनावों का असर अलग-अलग हो सकता है। भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में उतरेगी जिसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक अहम 'परीक्षा' माना जा रहा है। टीएमसी नेतृत्व का मानना है कि लोकसभा और ग्रामसभा चुनावों का असर अलग-अलग हो सकता है। हालांकि, राज्य की अधिक से अधिक संसदीय सीट हासिल करने के लिए बंगाल के ग्रामीण इलाकों में जीत दर्ज करना 'महत्त्वपूर्ण' है।**

राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होने वाले हैं, जिसमें 5.67 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की लगभग 74,000 सीट के लिए प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य की 42 लोकसभा सीट में से अधिकांश ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र पंचायतों द्वारा प्रशासित हैं।

ऐसे में, इन सीटों पर जीत दर्ज करने वाला दल अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ सकता है। सौगत राय ने कहा, 'हमारी पार्टी एक अहम दौर से गुजर रही है। चूंकि पंचायत चुनाव पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़े जाते हैं, इसलिए इससे संबंधित दलों के प्रभाव और कमजोरी का अंदाजा लगाया जा सकता है।'

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है ताकि 2018 के पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा जैसी स्थिति दोबारा नहीं हो। पांच साल पहले हुए ग्रामीण चुनावों में, टीएमसी ने 90 फीसद पंचायत सीट और जिला परिषदों की सभी 22 सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, ये चुनाव व्यापक हिंसा और कथित कदाचार से प्रभावित थे और तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि उन्हें राज्यभर में कई सीट पर नामांकन दाखिल करने से रोका गया।

राय ने कहा, 'राज्य निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। पार्टी नेतृत्व ने जमीनी कार्यकर्ताओं को पहले ही बता दिया है कि यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। हमारे नेता अभिषेक बनर्जी बार-बार यह कहते रहे हैं।' लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि स्थानीय नेताओं को पार्टी आलाकमान के निर्देशों को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'पंचायत चुनाव और उनके परिणाम लोकसभा चुनाव को प्रभावित करते हैं। भले ही हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा किए गए विकास कार्यों के आधार पर पंचायत चुनाव जीतने के लिए आश्वस्त हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि परिणामों के माध्यम से जनादेश और राय परिलक्षित हो।' तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा कि पंचायत चुनाव टीएमसी के जनसंपर्क अभियान 'तृणमूल एह नबोजोवार' (तृणमूल में नई लहर) की सफलता का भी परीक्षण होगा, जिसका नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी कर रहे हैं।

अभियान का उद्देश्य लोगों से उनके पसंदीदा उम्मीदवारों पर प्रतिक्रिया मांगना है, जिन्हें पार्टी चुनावी मैदान में उतारेगी। टीएमसी नेताओं के अनुसार, पंचायत चुनाव ऐसे समय में होंगे जब उसके कई वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, जिनकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही है।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के उपनेता सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप 'पार्टी के जनसमर्थन को नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।' उन्होंने दावा किया, 'भाजपा द्वारा बदले की भावना के कारण टीएमसी नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया है, लेकिन इस तरह पार्टी को 2014 में बंगाल से अधिकतम सीटें जीतने से नहीं रोका जा सकता।'

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेतृत्व यह संदेश भेजने की कोशिश करने में लगा है कि वह बंगाल में 'अजेय' है, और इसीलिए 'या तो वह ऐसी स्थिति बनाना चाहता है जहां विपक्षी दल नामांकन दाखिल करने में असमर्थ हों या उन्हें बल प्रयोग के जरिये ऐसा करने ही न दिया जाए।'राजनीतिक विश्लेषक मैदुल इस्लाम ने कहा कि अगले साल होने वाले आम चुनाव के संदर्भ में टीएमसी के लिए ग्रामीण चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि 80-85 फीसद लोकसभा सीट में ग्रामीण मतदाता हैं।

टीएमसी के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत राय ने कहा, 'पंचायत चुनावों की व्यापकता को देखते हुए, यह न केवल हमारे खिलाफ बेबुनियाद बातों की पृष्ठभूमि में जन समर्थन की परीक्षा होगी बल्कि बंगाल में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक कसौटी भी होगी।'

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की 'किसी भी तरह से सभी को अपने पाले में करो' के रवैये ने बंगाल में स्थानीय निकाय चुनावों को 'तमाशे' में बदल दिया है। घोष ने आरोप लगाया, 'राज्य निर्वाचन आयोग ने नामांकन दाखिल करने के लिए सिर्फ सात दिन का समय दिया है, जो टीएमसी की मदद करने के लिए है।'

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेतृत्व यह संदेश भेजने की कोशिश करने में लगा है कि वह बंगाल में 'अजेय' है, और इसीलिए 'या तो वह ऐसी स्थिति बनाना चाहता है जहां विपक्षी दल नामांकन दाखिल करने में असमर्थ हों या उन्हें बल प्रयोग के जरिये ऐसा करने ही न दिया जाए।'

## गन्ने के रस की दुकान पर विवाद ...

# युवक पर जानलेवा हमला, पेट में घोपा चाकू

## दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया हमले का प्रकरण

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में गन्ने के रस की दुकान पर खड़े युवकों का दूसरे युवकों से विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हो गई और एक युवक पर आरोपियों ने जानलेवा हमला करते हुए पेट में चाकू घोप दिया। वहीं दूसरे पक्ष ने भी विवाद में हमले का प्रकरण दर्ज कराया है।**

पुलिस के अनुसार बदमाशों के हमले में मोहम्मद उमर पिता मोहम्मद साबीर खान निवासी चंदन नगर बुरी तरह घायल हुआ है। उसके पेट में आरोपी ने चाकू घोप दिया था। मामले में राहुल पिता चन्द्रकांत सोनी 19 साल निवासी राजनगर एवं राहुल के दो अन्य साथी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को मोहम्मद उमर ने बताया कि वह कल रात करीब साढ़े दस बजे अपने दोस्तो के साथ झाडू वाली गली के कार्नर पर गन्ने के जूस की दुकान पर जूस पीने के लिये खड़ा था। उसी समय अज्ञात तीन लडके स्कूटर पर सवार होकर आए और बोले तुम यहां क्यों खडे हो, फरि० ने बोला जूस पीने के लिये खडे हैं, उसके बाद बिना कारण आरोपियो ने फरि० एंव उसके दोस्तो को गालीया दी व हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे । इस दौरान एक लडके ने कमर मे से एक चाकू निकाल कर जान से मारने की नियत से मेरे पेट मे बायीं तरफ मार दिया। इस दौरान साथी दोस्त तबरेज व भईया उर्फ आमीर ने उन तीनो में से एक लडके को पकड लिया और उसे थाने ले गए।

वहीं दूसरे पक्ष के राहुल पिता चंद्रकांत सोनी निवासी राजनगर की शिकायत पर उमर और उसके साथी पर केस दर्ज किया है। इन दोनों द्वारा किए गए हमले में रितिक घायल हो गया। राहुल ने पुलिस को बताया कि मैं व मेरे दोस्त रितिक झाडू वाली गली के कार्नर पर गन्ने के जूस की दुकान के पास खडे थे जहां पर और भी लडके खडे थे जिनको मैं नही जानता था । उन लडको ने हमे देखते ही गालियां देना शुरु कर दिया गाली देने से मना किया तभी उन लोगो ने हमारे साथ लात घूसो से मारपीट की जिससे मुझे दाहिनी आंख के पास चोट लगी एंव उन लोगो में से एक लडके ने अपनी जेब से कोई धारदार चीज निकाली और मेरे बाये पैर की जांघ में मार दी जिससे मुझे चोट लगकर खून निकलने लगा और मेरे दोस्त रितिक को मारपीट में सिर में चोट आई जिससे उसे सिर में से खून निकलने लगा एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उमर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## डेढ़ साल का बच्चा पानी की टंकी में गिरा, मौत

### बुआ के घर पर आया था मासूम

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में अपनी बुआ के घर आए डेढ़ साल के एक बच्चे की पानी की टंकी में गिरने से मौत हो गई। वह परिवार के साथ खाना खा रहा था। वह हाथ में पानी का गिलास लेकर खेलते-खेलते पानी की टंकी के पास तक पहुंच गया। यहां उसका संतुलन बिगड़ा और वह टंकी में गिर गया।

पुलिस के मुताबिक देवांश (1.5 साल) पिता आनंद लोधी को परिवार के लोग पानी की टंकी से बाहर निकालकर नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी जांच करके एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया। बच्चे को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे तो यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवांश की बुआ पूजा ने पुलिस को बताया कि घटना रविवार रात करीब 9.30 बजे की है। परिवार के सभी सदस्य बैठकर खाना खा रहे थे। इस दौरान देवांश हाथ में गिलास लेकर बाहर की तरफ गया था। सभंवत- वह हौज में से पानी झुका और संतुलन बिगडने से गिर गया। मामले में बाणगंगा पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## अज्ञात वाहन ने ली बाइक सवार दो युवकों की जान

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। उन्हें देर रात अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। टक्कर मारकर वाहन चालक फरार हो गया। हादसे में घायल दोनों बाइक सवारों की अलग-अलग अस्तपाल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक हादसा बीती रात थाना क्षेत्र में हुआ। सूचना मिली थी कि बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे का शिकार हुए हैं। इस पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक मृतक का नाम राकेश सामने आया है। जबकि दूसरे के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## पिस्टल के साथ पकड़ाया बदमाश

इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने एक बदमाश को पिस्टल के साथ पकड़ा है। वह क्षेत्र में वारदात की नीयत से घूम रहा था। तेजाजी नगर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक मनीष बाथम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि लिंबोदी गेट खंडवा रोड पर एक बदमाश हथियार लेकर घूम रहा है। किसी वारदात की फिराक में है। तुरंत ही मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक युवक की पुलिस ने घेराबंदी कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास देसी पिस्टल मिली। बदमाश का नाम सिद्धार्थ उर्फ अभय यादव निवासी गणेश नगर भंवरकुआ है, उससे पूछताछ जारी है।

## भाजपा की महिला कार्यकर्ता पर हमला करने वाले आरोपियों ने किया सरेंडर

**इंदौर। खजराना थाना क्षेत्र में गत दिनों भाजपा की महिला कार्यकर्ता पर कुछ बदमाशों द्वारा चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा आरोपी के मकान तोड़े जाने की बात सामने आई थी। पुलिस कार्रवाई के डर से दोनों आरोपी कपिल यादव और उज्जवल यादव द्वारा जिला न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया।**

पुलिस के अनुसार कुछ दिन पूर्व खजराना थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला कार्यकर्ता पर बदमाशों द्वारा चेहरे पर ब्लेड से हमला किया गया था। घटना के बाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी वहीं पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। इस पर पुलिस द्वारा कोर्ट से आरोपियों को अरेस्ट कर उनकी पुलिस रिमांड ली गई। बिजली विभाग रामकृष्णबाग इलाके में बिजली की लाइन डालने का काम कर हा था जहासं पर भाजपा नेत्री सुनिता इस काम का निरीक्षण कर रही थी इसी दौरान उनका उज्जवल से विवाद हो गया था जिसका बदला लेने के लिए उसे अपने दोनों भाई के साथ मिलकर भाजपा नेत्री पर हमला किया था। हमले के बाद से आरोपी फरार थे, जिनकी पुलिस तलाश कर रही थी।

## चाकू अड़ाकर नकदी लूट

**इंदौर। एक युवक को चाकू अड़ाकर बदमाश उसके पास से पांच हजार रुपए नकदी लूटकर ले गए। इसी तरह एक युवती के साथ भी लूट की वारदात हुई। बदमाश उसका पर्स छिनकर भाग निकले।**

पहली वारदात में द्वारकापुरी पुलिस ने बताया कि अमजद पिता सलीम खान निवासी पत्थरमुंडला तेजाजीनगर की रिपोर्ट पर दो अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। अमजद ने पुलिस को बताया कि वह बस कंडक्टर है। कल नर्मदा चौराहा पर पान का ठेला कमला पसंद ले रहा था उसी समय पास खडे दो अज्ञात लडको मे से एक लडके ने फरि० के पास आकर उसके पैर मे चाकू अडाकर रूपये मांगे तब फरि० ने डर के कारण करीब 05 हजार रूपये दे दिये तब आरोपियान रूपये लेकर भगा गये । फरि० के पैर मे चाकू अडाने से चोंट आई ।

## पति को जेल से छुड़ाने के बहाने लूटी अस्मत

**इंदौर। एक महिला का पति किसी मामले में जेल में बंद हो गया। इस दौरान उसका एक युवक से संपर्क हुआ, जिसने उसे पति को जेल से छुड़ाने का झांसा देकर दोस्ती बढ़ाई और फिर शादी का झांसा देकर उसकी अस्मत लूट ली।**

मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार 27 साल की पीड़िता की रिपोर्ट पर ललित परमार पिता मनोहर निवासी अनुराधा नगर पर केस दर्ज किया है। पुलिस को पीड़िता ने बताया कि मेरा पति पैसो के लेन देन के संबंध मे जेल चला गया था जिसकी जमानत के प्रयास के दौरान मेरी ललित परमार से मुलाकात हुई, जिसने स्वंय को वकील बताया एंव मुझे विश्वास मे लेकर बताया कि तुम्हारे पति ने बहुत बडा घोटाला किया हैं अब कभी जेल से बाहर नही आयेगा । ललित ने एक दिन मुझे उसके किसी दोस्त के कमरे पर ले गया एंव बोला कुछ देर रूकते हैं उसके बाद दरवाजा बंद कर जबरन मेरे साथ संबंध बनाने लगा, मेरे मना करने पर बोला तुम्हारा पति अब जेल से बाहर नही आयेगा मैं तुमसे शादी कर लूंगा कह जबरन संबंध बनाये। उसके बाद 2-3 बार ललित ने मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाये। एक वर्ष बाद मेरे पति के जेल से छूटने के बाद मैने अपने पति को ललित के बारे मे बताया तो मेरे पति ने ललित को बोला कि जो भी फोटो तुम्हारे पास हैं डिलीट कर दो तब भी ललित नही माना और मुझ पर मिलकर संबंध बनाने का दबाव बनाया नहीं मिलने पर फोटो वायरल करने एंव मेरे पति को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## डकैती की वारदात के पहले ही पकड़ाए बदमाश

इंदौर। कनाडिया पुलिस ने डकैती की वारदात के पहले ही बदमाशों के गिरोह को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मौर्य एग्जुकेटिव मल्टी के पीछे खाली मैदान से चेतन पिता हरी रायकवार 34 साल निवासी इदरीश नगर मुसाखेडी, विजय पिता बलराम गोस्वामी 33 साल निवासी सदर, राजकमल पिता दीपक बोडाने जाति कोलि 23 साल निवासी स्कीम 134 आईडीया मल्टी, अजय उर्फ काला पिता पप्पु खरे 25 साल निवासीनई मल्टी भूरी टेकरी और करण उर्फ राजा पिता हुकुम सोलंकी 20 साल निवासी नई मल्टी भूरी टेकरी को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि आरोपीगण पाटीदार पेट्रोल पम्प कनाडिया रोड पर डकैती की योजना बना रहे थे जिनके कब्जे से 3 खटकेदार लोहे का चाकू, एक लोहे की कुल्हाडी, एक देशी कट्टा (लोडेड) एवं एक जिंदा कारतूस, जप्त किया गया।

# आंखें ना होने के बाद भी यह इंसान बन गया विश्व का महान संगीतकार



**इंसान अगर ठान ले तो क्या नहीं कर सकता है। जोस फेलिसियानो जन्म से ही नेत्रहीन थे लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत से ऐसा मुकाम हांसिल किया कि दुनिया उनको महान संगीतकार के रूप में पहचानने लगी। आखिर उन्होंने किस तरह मेहनत की और महान संगीतज्ञ बने...**

जोस फेलिसियानो जन्मजात नेत्रहीन थे। जैसे-जैसे वे बड़े होते गए उनके मन में दुनिया को जानने की इच्छा बढ़ती गई। एक दिन वह अपने मित्रों के साथ बातें कर रहे थे। उन्होंने अपने साथियों से कहा, 'मेरा बहुत मन करता है कि लोग मुझे जानें और पहचानें।' इस पर उनका एक साथी व्यंग्य करते हुए बोला, 'जोस, तुम तो नेत्रहीन हो। तुम जैसा नेत्रहीन प्रसिद्ध कैसे हो सकता है, तुम्हारी दुनिया में तो कोई रंग ही नहीं है, लोग तुम्हें क्यों जानना चाहेंगे?' इस पर सबने हंसते हुए हामी भरी कि कम से कम इस जन्म में तो जोस के लिए यह बात संभव नहीं है।

जोस विचलित नहीं हुए। उन्होंने कहा, 'अगर तुम्हारी सोच यह है कि मैं नेत्रहीन हूं तो कुछ नहीं कर सकता, तो गलत है। क्या हुआ जो मेरी आंखों में रंग देखने की शक्ति नहीं है, मैं अपनी मेहनत से अपने जीवन में रंग भर सकता हूं।' जोस को गिटार बजाना बहुत पसंद था। उन्होंने अब दिन-रात अपने गिटार पर अभ्यास करना शुरू कर दिया। गिटार बजाते-बजाते जब वह थक जाते तो उन्हें अपने साथी की व्यंग्यपूर्ण टिप्पणी याद आ जाती। फिर उनके हाथ गिटार पर चलने लगते। कई बार तो गिटार का अभ्यास करते-करते उनके हाथों से खून बहने लगता लेकिन तब भी वह लगाातार अभ्यास करते। आखिर उनकी मेहनत रंग लाई और उनके संगीत को पहचान मिलनी आरंभ हुई। धीरे-धीरे वह प्रसिद्ध होते गए और एक दिन ऐसा आया कि वह पूरे विश्व में महान संगीतकार के रूप में पहचाने जाने लगे। जोस ने संगीत के माध्यम से अपने जीवन में रंग भर लिए। अब तो उन्हें हर कोई जानने भी लगा था। उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प से इस बात को साबित कर दिया कि यदि व्यक्ति ठान ले तो जीवन की हर बाधा को तोड़कर कामयाबी के शिखर पर पहुंच सकता है।



# बाबा बर्फानी की आई पहली तस्वीर

**बाबा अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू हो जाएगी और इस बार बाबा बर्फानी की सुबह शाम की आरती का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। अमरनाथ बाबा की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। आइए जानते हैं अमरनाथ यात्रा से जुड़े जानकारी के बारे में...**

अमरनाथ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं और इसी बीच बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। हर वर्ष पवित्र अमरनाथ गुफा में बर्फ से प्राकृतिक शिवलिंग का निर्माण होता है। प्राकृतिक हिम से बनने के कारण इस शिवलिंग को स्वयंभू हिमानी शिवलिंग और बाबा बर्फानी भी कहा जाता है। अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है और बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 1 जुलाई 2023 दिन शनिवार से यात्रा शुरू हो जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी स्थल पर भगवान शिव ने माता पार्वती को मोक्ष का मार्ग दिखाया था। इस ज्ञान को अमर कथा के नाम से जाना जाता है इसलिए इस पवित्र स्थल का नाम अमरनाथ पड़ा।

### सुबह-शाम आरती होगी लाइव

तस्वीर में बाबा बर्फानी आकर्षक रूप में दिख रहे हैं और अपनी गुफा में विराजमान हैं। बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बाबा अमरनाथ की प्रथम पूजा में शामिल हुए थे। साथ ही अमरनाथजी श्राइन बोर्ड इस बार बाबा अमरनाथ की सुबह शाम की आरती सीधा प्रसारण करेगा।

### यहां करवा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होगी और 30 अगस्त रक्षा बंधन पर समाप्त होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए सरकार ने 10 अप्रैल को शेड्यूल जारी कर दिया था। अमरनाथ यात्रा को करने के लिए सरकार ने उम्र निर्धारित कर रखी है। यात्रा करने के लिए उम्र 13 साल से लेकर 75 साल के बीच होनी चाहिए। बताया जा रहा है कि इस बार 8 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकते हैं। अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए 17 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। आधिकारिक वेबसाइट https://jksasb.nic.in/ पर जाकर इसके बारे में पूरी जानकारी ले सकते हैं और इस साइट पर रजिस्ट्रेशन भी करवा सकते हैं।

### हिमालय की गोद में स्थित हैं अमरनाथ बाबा

हिमालय की गोद में स्थित अमरनाथ बाबा का यह पवित्र तीर्थस्थल माना जाता है। यह एकमात्र शिवलिंग है, जिसका आकार चंद्रमा की रोशनी के आधार पर तय होता है। यह शिवलिंग सावन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को पूरा हो जाता है और उसके बाद आने वाली अमावस्या तक आकार में काफी छोटा हो जाता है। मान्यता है कि एक मुस्लिम गड़रिए ने बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा की खोज की थी। आज भी उसके वंशजों को बाबा के दान में चढ़ाई गई राशि का एक हिस्सा दिया जाता है।

# इस आसान चीज से जीत सकते हो दुनिया का दिल, भौतिक चीजों की होगी प्राप्ति

वाणी ऐसी चीज है, जो आपको देवता भी बना सकती है और राक्षस भी। इस दुनिया में आपके पास देने लेने के लिए अपना कुछ भी नहीं है सिवाय वाणी के। आप वाणी से किन किन चीजों को प्राप्त कर सकते हैं। किस तरह आप हर इंसान के दिल पर राज कर सकते हैं, केवल वाणी से।

वाणी की शक्ति को पहचानो। जब यह मधुर होती है, परायों को भी अपना बना देती है। जब यह कटु होती है, अपने भी दुश्मन बन जाते हैं। इसकी चोट घातक हथियार से भी ज्यादा होती है, जो सीधे हृदय पर कुठाराघात करती है। हथियार की चोट का घाव भर जाता है, लेकिन हृदय पर लगी चोट को भरना बहुत मुश्किल या एक मायने में नामुमकिन सा होता है। मीठे वचन शरीर और मन को स्वस्थ और शांत बनाए रखते हैं, और ऐसे व्यक्ति की आत्मा भी संतृप्त रहती है। ऐसे व्यक्ति से अपनापन रखने वालों की कमी नहीं होती है।

हमेशा बोलने से पहले ठीक से सोच-समझ लेना चाहिए कि हमारे मुख से किसी के लिए कठोर स्वर न निकल जाए। बोलने की शक्ति ही हमारे जीवन को सुखी या दुखी बनाती है और यह मनुष्य को हमेशा विवादों से दूर रखती है। यदि व्यक्ति अपनी बोली को नियंत्रित कर सकता है तो वह अपने मन और मस्तिष्क को भी नियंत्रण में रख सकता है। कबीरदास जी ने कहा है, %ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय। औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होय।% इसका यह भावार्थ है कि हमेशा ऐसी भाषा बोलनी चाहिए जो सामने वाले को सुनने में अच्छी लगे। जिसे सुनकर उन्हें सुख की अनुभूति हो और साथ ही खुद को भी आनंद का अनुभव हो। कबीर अपने दोहे से समाज में व्याप्त गलत चीजों की ओर इशारा करते हैं। वह अपने दोहे से सीख देते हैं कि मानवता को किस प्रकार से ऊंचा उठाया जाए। यह दोहा वास्तव में आज के समाज के लिए बहुत जरूरी है।

आज के समय में कोई भी किसी से कम नहीं देखना चाहता। इसके कारण लोगों के बीच झगड़े बढ़ते जा रहे हैं, यहां तक कि और लोग एक-दूसरे से लड़ने के नए-नए बहाने खोजते रहते हैं। मीठे स्वर का प्रयोग इन झगड़ों को कम कर सकता है और मानवता को एक नई दिशा दी जा सकती है। मीठा वचन हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। जो कार्य बड़े-बड़े सूरमा भी नहीं कर पाते, वे केवल बोलने के माधुर्य से ही संपन्न हो जाते हैं। मधुर बोली का सबसे बड़ा उदाहरण कोयल और कौआ हैं। दोनों का रंग काला होते हुए भी मधुर वाणी की वजह से सभी कोयल को स्नेह करते हैं और उसे शुभ मानते हैं। जो व्यक्ति बुद्धि से शुद्ध वचन का उच्चारण करता है वह अपने हित को तो समझता ही है, जिससे बात कर रहा है उसके हित भी समझता है। बोले जाने वाले वचनों में आध्यात्मिक और भौतिक दोनों प्रकार के ऐश्वर्य हैं।

सौम्यता से कही गई बात कल्याणकारक होती है, किंतु वही कटु शब्दों में कही जाए तो अनर्थ का कारण बन सकती है। बोलने की शक्ति मनुष्य को ईश्वर की अनुपम देन है। व्यक्ति का भाषा पर विशेष अधिकार है। इसके कारण ही व्यक्ति इतनी उन्नति कर सका। हमारी बोलचाल में सौम्यता का जितना अधिक अंश होगा, हम उतने ही दूसरों के प्रिय बन सकते हैं। हमारी बोली में शिष्टता भी होनी चाहिए।


Perfect Investment Opportunity
SATGURU NAGAR
N
PRICE STARTS AT
1111/- SQFT
CALL NOW
8889066688
At Indore- Khandwa Road Near Choral Main road


SATGURU NAGAR
DON'T WAIT TO BUY LAND
BUY LAND AND WAIT !!
PLOT FOR SALE
NEW OFFERS EVERY WEEK
PLOT SIZE :-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT
PRICE START
1111/-
SQFT
8889066688
AT INDORE- KHANDWA ROAD
NEAR CHORAL MAIN ROAD

# WTC फाइनल में शिकस्त के बाद छलका रोहित का दर्द... इन पर फोड़ा हार का ठीकरा

WTC 2023 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को करारी शिकस्त मिली और लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना टूट गया. लंदन के द ओवल मैदान पर खेले गए इस खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 209 रनों से जीत दर्ज की है. इस हार के बाद कप्तान रोहित का भी दर्द छलका है...



भारतीय टीम को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (ड्ढक्रञ्ज) 2023 के फाइनल मुकाबले में करारी शिकस्त मिली. इसी के साथ लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना भी टूट गया. लंदन के द ओवल मैदान पर खेले गए इस खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 209 रनों से जीत दर्ज की है.

इस हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का दर्द भी छलका है. मैच के बाद उन्होंने हार का ठीकरा खराब गेंदबाजी और बल्लेबाजों के खराब शॉट सेलेक्शन को बताया है. भारतीय टीम ने दो महीने चले ड्ढक्कक के ठीक एक हफ्ते बाद ही यह फाइनल मैच खेला था. इस पर भी रोहित ने निराशा जताई और कहा कि तैयारी के लिए कम से कम 20-25 दिन जरूर होने थे.

WTC फाइनल मैच का हाल

ऑस्ट्रेलियाई टीम - पहली पारी-469, दूसरी पारी- 270/8 (घोषित)

भारतीय टीम - पहली पारी- 296, दूसरी पारी-234

### रोहित ने जमकर की स्मिथ और हेड की तारीफ


फाइनल में हार के बाद रोहित शर्मा ने कहा, हमने उन परिस्थितियों में टॉस जीतकर अच्छी शुरुआत की. हमने पहले सत्र में बेहतर गेंदबाजी की और फिर हमने जिस तरह की गेंदबाजी की उससे खुद को निराश किया. ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को श्रेय देना होगा. हेड और स्टीव स्मिथ ने वास्तव में अच्छा खेला. इसने हमें थोड़ा सा सतर्क कर दिया.

कप्तान रोहित ने कहा, हमें पता था कि वापसी करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया. हम अंत तक लड़े, हमने उन चार सालों में कड़ी मेहनत की है और दो फाइनल खेलना हमारे लिए एक अच्छी उपलब्धि है.

### इंदौर में महिला कबड्डी लीग की ट्रॉफी लॉन्च

# दुबई में 16 से 27 जून तक होगा आयोजन, महापौर बोले-सीजन 2 की मेजबानी को इंदौर तैयार

पुरुष कबड्डी लीग की जबरदस्त सफलता के बाद अब महिला कबड्डी लीग की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय टूर्नामेंट का पहला सीजन दुबई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण इंदौर में रविवार रात किया गया। अनावरण कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे अथिति और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रही। महापौर ने महिला कबड्?डी लीग सीजन-टू इंदौर में आयोजित करने की बात भी कही है।



भारत की पहली महिला कबड्डी लीग का आयोजन 16 जून से दुबई में होगा। इसके लिए जबरदस्त माहौल बन गया है। लीग के सभी मैच दुबई के शबाब अल-अहली स्पोर्ट्स क्लब में होंगे। महिला कबड्डी लीग में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण इंदौर में रविवार रात किया गया। इस मौके पर सभी टीमों की कप्तान भी उपस्थित रहीं।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर को आयोजकों ने टूर्नामेंट की ट्रॉफी के अनावरण के लिए चुना और पहली महिला कबड्डी लीग का आयोजन वो दुबई में करवा रहे हैं, इसके लिए उन्हें साधुवाद। खेल में महिलाएं बहुत आगे है, प्रो-कबड्?डी तो होता है, लेकिन ये कबड्?डी लीग एक नया प्लेटफॉर्म महिलाओं को देगा। मैंने आयोजकों से आग्रह किया है कि महिला कबड्?डी लीग सीजन-टू का आयोजन इंदौर में किया जाए। उसके लिए इंदौर तैयार है। भारत की महिला कबड्?डी टीम बहुत अच्छा परफॉर्म कर रही है। इस लीग से नया टैलेंट निकलेगा। देशभर के टैलेंट को इंटरनेशनल लेवल पर परफॉर्म करने का मौका मिलेगा।

वहीं वुमंस कबड्?डी लीग के डायरेक्टर प्रदीप कुमार नेहरा ने बताया कि नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए हमने लीग की शुरुआत की है। गांव-देहात की टैलेंटेड बच्चियां, जो स्कूल कॉलेज में बहुत अच्छा खेल रही थी, लेकिन उन्हें एक अच्छा प्लेटफॉर्म नहीं मिल पा रहा था। उन्हें प्लेटफॉर्म देने का प्रयास किया है। आयोजन 16 से 27 जून तक होगा।

# काजोल की सीरीज द ट्रायल का ट्रेलर रिलीज, अपनी वकालत से क्या बचा पाएंगी पति का गंदा खेल?

**काजोल बॉलीवुड के बाद अब ओटीटी पर डेब्यू के लिए तैयार है। अपनी पहली वेब सीरीज द ट्रायल- प्यार कानून धोखा का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और 2 मिनट की ये कहानी बेहद दमदार नजर आ रही है। पति की गलतियों की वजह से सारी प्रॉपर्टी जब्त हो जाती है और फिर काजोल एक बार फिर से वकालत के पेशे में उतरती हैं।**

%जब एक गलती बार-बार दोहराई जाए तो वो गलती एक गुनाह बन जाती है, काजोल के इसी डायलॉग के साथ शुरू होता है डेब्यू वेब सीरीज द ट्रायल- प्यार कानून धोखा का ट्रेलर। इस सीरीज से काजोल ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। 12 जून को रिलीज हुए इस ट्रेलर में काजोल ने अपनी दमदार एक्टिंग का दम दिखाया है।

काजोल फिल्मों के बाद और छोटे पर्दे यानी ओटीटी पर डेबूयू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। काजोल का यह शो The Trial: Pyaar Kaanoon Dhokha हॉटस्टार पर रिलीज हो रहा है। ट्रेलर में काजोल अपने पति (एडिशनल जज जो रिश्वत में सेक्शुअल फेवर लेता है) की हरकतों से बुरी तरह टूट जाती है और फिर अपने लॉयर का प्रैक्टिस फिर से शुरू करती हैं।

### पति रिश्वत में सेक्शुअल फेवर लेता है और सारी प्रॉपर्टी जब्त

कहानी शानदार है और इस सीरीज में काजोल यानी नायोनिका सेनगुप्ता के हसबैंड के किरदार में हैं उनके हसबैंड और एडिशनल जज राजीव सेनगुप्ता (जीसू सेनगुप्ता)। इस दो मिनट के ट्रेलर में काजोल के जिंदगी के काफी उतार-चढ़ाव दिखाए गए हैं। पति की हरकतों का नुकसान पूरे परिवार को भरना पड़ता है और उनकी सारी प्रॉपर्टी जब्त हो जाती है। आखिरकार अपने बच्चों के लिए नायोनिका खुद को फिर से खड़ा करती हैं।

### ये सीरीज फिल्म ऐतराज के प्लॉट की याद दिला रही

वकालत की इस दुनिया में जल्द ही नायोनिका अपना धाक जमा लेती हैं और फिर आखिरकार उनके सामने वो केस आ जाता है जो उनके अतीत को कुरेदने के लिए काफी है। कहानी कुछ-कुछ अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर की फिल्म ऐतराज के प्लॉट की याद दिला रही है। अब देखना ये है कि क्या द ट्रायल की कहानी वाकई ऐसी ही है या फिर इसमें कोई अलग ट्विस्ट है।



### ट्रायल सिर्फ कोर्ट रूम में नहीं जिंदगी में भी होते हैं

डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 14 जुलाई को रिलीज हो रही इसी वेब सीटीज The Trial: Pyaar Kaanoon Dhokha के साथ काजोल भी ओटीटी की दुनिया में एंट्री मार लेंगी। इस ट्रेलर को लॉन्च करते हुए लिखा गया है, ट्रायल सिर्फ कोर्ट रूम में नहीं जिंदगी में भी होते हैं। देखिए नायोनिका सेन गुप्ता की लाइफ की सबसे मुश्किल ट्रायल, जो कि 14 जुलाई को रिलीज हो रही है।

# आर्थिक समृद्धता से अधिक आवश्यक पर्यावरण समृद्धता - राज्यपाल श्री पटेल



# मुख्यमंत्री श्री चौहान से कटनी के बंजारी हेलीपेड पर मिली लाड़ली बहनें

**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कटनी जिले के बंजारी स्थित हेलीपेड में हेलीकॉप्टर से उतरते ही अपने लाड़ले भैया मुख्यमंत्री श्री चौहान के इंतजार में पलक पाँवड़े बिछाए बैठी लाड़ली बहनों से सीधे मिलने पहुँचे। उन्होंने लाड़ली बहनों के सिर पर हाथ रख कर उन्हें खुश रहने का आशीर्वाद दिया और कुशल-क्षेम पूछी। बहनों ने मुख्यमंत्री का दिल खोल कर और पुष्प-वर्षा कर स्वागत किया।**

लाड़ली बहनें मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हाथों में भैया जी को धन्यवाद लिखी तख्तियाँ लेकर खड़ी थीं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहनों से पूछा कि सबके खाते में राशि आ गई है। उन्होंने राखी पुरैनी ग्राम की लाड़ली बहना ममता, ग्राम खरखरी की अनीता और देवराकला की मीराबाई से बात की और बैंक खाते में 1000 रूपये पहुँचने की जानकारी ली। बहनों ने बताया कि रूपये उनके खाते में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने पाठक वार्ड निवासी अंजू बर्मन के सिर पर हाथ रख कर कहा-खुश रहो बहना, सब ठीक है जवाब में इस पर अंजू ने कहा आप जैसे भाई के रहते सब कुशल मंगल है।

## प्रदूषण की रोकथाम पर विशेष ध्यान देना जरूरी

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रदूषण के रोकथाम के प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया जाये। आर्थिक हितों के लिए पर्यावरण की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाये। साथ ही प्रदूषण की संभावना के क्षेत्र और संस्थाओं की गहन निगरानी की जाये। यह समझना आवश्यक है कि सुरक्षित भविष्य के लिए आर्थिक समृद्धता से अधिक आवश्यक सुरक्षित, समृद्ध पर्यावरण का होना है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण की चुनौतियों के लिए सामूहिक सहभागिता के साथ वैश्विक मिशन लाइफ अभियान शुरू किया है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 12वीं साधारण सभा की अध्यक्षता कर रहे थे।

### जन-सहभागिता के छोटे प्रयासों से होते बड़े बदलाव

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज में पर्यावरण चेतना के लिए ऊर्जा, जल की बचत, कचरा, ई-वेस्ट को कम करने, एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने, सतत खाद्य प्रणालियों और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के संबंध में जन-जागृति, प्रोत्साहन और नियंत्रण के समन्वित प्रयासों पर बल देना होगा। स्कूलों में बच्चों की सहभागिता से पौध-रोपण और पर्यावरण-संरक्षण के कार्य करने होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात मंत्री-मंडल के वन मंत्री के अपने कार्यकाल के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे से दिखने वाले प्रारंभिक प्रयास ही बड़े बदलाव लाते हैं। उन्होंने कच्छ के रेगिस्तान में शिक्षक दंपति द्वारा छोटे बच्चों से 1500 पौधों का रोपण कराने, प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से पुनीत वन और अंबाजी के मेले में नव-दम्पत्तियों द्वारा पौध-रोपण, राशि वन, नवग्रह वन, नक्षत्र वन में जन-सहभागिता से पौध-रोपण और बड़े पौधों का रोपण कराने के नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश में अभियान स्तर पर पौध-रोपण के प्रयासों के लिए प्रेरित किया। बच्चों को खान-पान के व्यवहार के सम्बन्ध में सूचित और शिक्षित किए जाने की आवश्यकता बताई।

### पर्यावरण-संरक्षण के कार्यों के लक्ष्य तय किए जाएँ

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पर्यावरण-संरक्षण के कार्यों के लक्ष्य तय किए जाएँ। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परियोजना बनाई जाये। परियोजना के लक्ष्यों की वार्षिक कार्य-योजना तैयार कर प्रयास किए जाएँ। इसी तरह कार्य करते हुए सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और स्कूलों में शत-प्रतिशत पौध-रोपण किया जा सकता है। पौध-रोपण में दो से तीन वर्ष के पौधे ही लगाए जाने चाहिए। उन्होंने वन विभाग को बड़े पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पर्यावरण विषय पर शोध, प्रशिक्षण तथा परियोजना निर्माण के लिए समन्वय में एप्को की भूमिका को मजबूत बनाने की जरूरत बताई। प्रतिवर्ष साधारण सभा की बैठक, विश्व पर्यावरण दिवस से एक पखवाड़े में किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंकुर अभियान में रोपित पौधों की उत्तरजीविता की जानकारी लेने और मृत पौधों का पुनर्रोपण किए जाने की आवश्यकता बताई। इंदौर के सिरपुर, यशवंत सागर और शिवपुरी के संख्या सागर तालाब को केन्द्र सरकार द्वारा रामसर साइट के रूप में चिन्हित किए जाने पर राज्य सरकार को बधाई दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गुणवत्ता मानकों के आधार पर नदियों के प्रदूषण के क्षेत्र को चिन्हित कर खान, शिप्रा, बेतवा और सोन नदी के पर्यावरणीय-संरक्षण के कार्य कराये जाने के लिए कहा।

## राज्यपाल की अध्यक्षता में हुई एप्को की साधारण सभा बैठक



### मिशन लाइफ पुस्तक लोकार्पित

राज्यपाल श्री पटेल ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की दिशा में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के प्रशिक्षण के लिए तैयार की गई मिशन लाइफ पुस्तक का लोकार्पण किया। महानिदेशक एप्को श्री गुलशन बामरा ने एप्को के गठन, गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यपालक संचालक श्री मुजीबुर्रहमान खान ने कार्य-सूची का प्रस्तुतिकरण बिन्दुवार किया। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मण?डलोई, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं साधारण सभा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रक्षा मंत्री श्री सिंह और मुख्यमंत्री श्री चौहान राजगढ़ में किसान-कल्याण महाकुंभ में होंगे शामिल

## महाकुंभ में किसानों को मिलेंगे साढ़े 6 हजार करोड़ रूपये

## किसानों के खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित होगी राशि

## मोहनपुरा-कुंडालिया पाइप सिंचाई प्रणाली एवं गोरखपुरा समूह नल-जल योजना होगी लोकार्पित

## 1689 हितग्राहियों को मिलेंगे मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार-पत्र

**मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सम्मेलन होगा**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को दोपहर 2 बजे राजगढ़ के मोहनपुरा डेम पर किसानों को बड़ी सौगात देंगे। मोहनपुरा डेम पर हो रहे किसान-कल्याण महाकुंभ में किसानों के खाते में 6 हजार 423 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जायेगी। महाकुंभ में 11 हजार 378 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार-पत्र 1869 हितग्राहियों को वितरित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना सम्मेलन भी होगा।

किसान-कल्याण महाकुंभ में मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 में 11 लाख किसानों के खाते में 2123 करोड़ रूपये, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 44 लाख 49 हजार किसान के खाते में 2900 करोड़, मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में 70 लाख 61 हजार किसान के खाते में 1400 करोड़, इस प्रकार कुल 6 हजार 423 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की जायेगी।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री सिंह और मुख्यमंत्री श्री चौहान 8481 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित मोहनपुरा-कुंडालिया प्रेशराइज्ड पाइप सिंचाई प्रणाली परियोजना का लोकार्पण करेंगे। प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली विश्व की सबसे बड़ी परियोजना में से एक है। बाँध से सीधे खेतों तक भूमिगत पाइप लाइन से जल पहुँचाया जा रहा है और सम्पूर्ण प्रणाली को स्काडा तकनीक से नियंत्रित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश ही नहीं, दुनिया में भी इस पद्धति को सराहा जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी सभी राज्यों में इस तकनीक के आधार पर सिंचाई परियोजना बनाई जा रही हैं।

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रथम चरण में राजगढ़ जिले के लक्षित 988 ग्राम में से 537 ग्राम का एक लाख 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। मोहनपुरा परियोजना से 94 हजार 845 हेक्टेयर और कुण्डालिया परियोजना से 30 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में पाइप आधारित सिंचाई परियोजना को लोकार्पित किया जा रहा है। परियोजना के द्वितीय चरण में शेष एक लाख 60 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित करने का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी कर लिया गया है। अगले वर्ष लक्षित सम्पूर्ण क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित कर ली जाएगी।

राजगढ़ में 123 करोड़ रूपये से अधिक की गोरखपुरा ग्रामीण समूह नल-जल योजना का लोकार्पण होगा। इससे 156 ग्रामों में जल-प्रदाय की सुविधा उपलब्ध होगी और एक लाख 15 हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में 11 करोड़ 25 लाख रूपये की साढ़े 24 किलोमीटर लम्बी सड़क का लोकार्पण और राजगढ़ नगर की सुरक्षा के लिये नेवज नदी के तट पर 16 करोड़ 30 लाख रूपये की बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य का भूमि-पूजन भी होगा।

समारोह में केन्द्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश के किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, जल-संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद श्री रोड़मल नागर, विधायक सर्वश्री श्री राजवर्धन सिंह, बापूसिंह तँवर, कुँवर कोठार, प्रियव्रत सिंह और श्री रामचन्द्र दांगी भी उपस्थित रहेंगे।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अखबार

# अंदर के धर्म जागृत होते ही आप धार्मिक हो जाएंगे

हम लोग यही सोचते हैं कि अगर माताजी के आत्म साक्षात्कार की तरफ हम मुड़े तो भाई फिर क्या होगा हम सन्यासी हो जाएंगे सहज योग तो सन्यास के महाविरोध में है महा विरोध अगर कोई सन्यासी आ जाए तो हम उसे कहते हैं कि जाकर कपड़े बदल कर आओ सहयोग सामान्य लोगों के लिए जो बस्ती में रहते हैं उनके लिए है गृहस्थी बड़ा भारी महायज्ञ है उस महायज्ञ में जो गुजरा है वही सहयोग में आता है सन्यासियों में हमारा विश्वास बिल्कुल नहीं है क्योंकि यह कपड़े पहन कर के आप किसको जता रहे हैं जो सन्यासी होता है वह तो है ही सन्यासी अंदर से वह क्या ब्रह्मा में अपने ऊपर में कुछ नाम पर साइन बोर्ड लगा कर घूमता है कि मैं सन्यासी हूं यह झूठ है नेट पर लगाने की क्या जरूरत है और गलतफहमी में अपने को रखना अपने ही को आप की ट्रेन धोखा कर रहे हैं तो दूसरों को करेंगे ही जिसने अपने ही को धोखा दिया है वह दूसरों को भी धोखा दे ही देगा तो इस प्रकार के भी विचार के कुछ लोग होते हैं कि जो अपने शरीर को



दुख देना और दुनिया भर के दुख सहना और परेशानी उठाना इसका बड़ा अच्छा उदाहरण है यहूदी लोग अपने यहां भी ऐसे बहुत सारे हैं जो उपवास तपास और दुनिया भर की बातें करके शिवाय बीमारी के और कुछ नहीं उठाते पर यहूदी लोगों ने यह कहा कि हम ईसा मसीह को नहीं मानते हैं क्योंकि वह कहता है कि मैं तुम्हारे सारे पापों को खींच लूंगा अपने अंदर और सही बात है जब उनकी जागृति हो जाती है हमारे आज्ञा चक्र पर तो वह खींच लेते हैं इसलिए यहूदी लोग उनको नहीं मान सकते और चाहे कोई माने तो माने और इसलिए उन्होंने कहा कि हम तो यह विश्वास करते हैं कि मनुष्य खूब सफर कष्ट सहन करना चाहिए खूब सफरिंग कष्ट भोगना होना चाहिए वह इतना दुख उठाए दुख उठाने से ही परमात्मा मिलता है यह उनका अपना विचार था यानी यहां तक कि कोई संत है उसको कोई दुख दे रहा है तो वह कहते हैं कि ठीक ही है तुमको परमात्मा अच्छे से मिल जाएगा जितना दुख हो जेलो जैसे ज्ञानेश्वर जी को हमने काफी सताया रामदास स्वामी को हमने कभी माना ही नहीं कभी माना ही तुकाराम की तो हालत ही खराब कर दी और भी जितने भी नानक साहब हैं कबीर दास हैं सब को परेशान किया और यही कहकर कि तुम तो संत हो तुम तो गुस्सा ही नहीं हो सकते हम संत नहीं हैं मां ने यहां की जैसे सारे गुस्से का ठेका हमने ले रखा है और सारा सहने का ठेका आप ने ले रखा है और ऐसे जो यहूदी लोग थे देखिए उन पर कितनी बड़ी आफत आ गई भगवान ने एक हिटलर भेज दिया उनके लिए जाओ इनको सफर करना है करने दो अब वहां उल्टे बैठ गए हैं वह सब दुनिया को सफर कराएंगे तो इस तरह की कल्पनाएं अगर दिमाग में हो तो भी मनुष्य कभी भी सुख नहीं पा सकता इस तरह की बड़ी ही ज्यादा तीव्र भावनाएं किसी के प्रति कभी भी नहीं बनानी चाहिए क्योंकि सभी परमात्मा की संतान हैं किसी से भी देश बनाना नहीं चाहिए कोई भी आप प्रश्न उठाइए जैसे कि कोई कहेगा कि आज हिंदू धर्म जो है यह बड़ी विपत्ति में पड़ा है मैं तो कहती हूं कि कभी विपत्ति में पड़ ही नहीं सकता अगर यह धर्म है तो उसको कोई हाथ भी नहीं लगा सकता अगर वह धर्म है तो पर वह राजनीति नहीं है वह धर्म है और धर्म को कोई छू नहीं सकता क्योंकि धर्म शाश्वत है धर्म को कौन छू सकता है आनी जानी और मरना जीना तो चलता रहता है लेकिन धर्म नष्ट नहीं हो सकता अगर आप ही धर्म चुप हो जाए तो धर्म नष्ट हो जाएगा और नहीं तो आपका आपका धर्म कोई नहीं तोड़ सकता किसी की मजाल नहीं कि आपका धर्म तोड़े पर धर्म को पहले अपने अंदर जागृत करना चाहिए आप के 10 धर्म हैं यह धर्म जब आपके अंदर जागृत हो जाएंगे तो जो धर्म आप नष्ट कर रहे हैं रोज रोज किसी न किसी वजह से क्योंकि आपकी बहुत सारी इच्छाएं हैं आप में लाल साए हैं वासन आए हैं बहुत सी आदतें पड़ गई हैं इसकी वजह से जो आपके अंदर का धर्म रोज नष्ट हो रहा है वह जागृत होते ही आप धार्मिक हो जाएंगे क्योंकि आप दूसरा काम कर ही नहीं सकते जैसे मैं कभी भी नहीं कहती आप शराब मत पियो मैं नहीं कहती हूं क्योंकि कहने से आधे लोग उठ जाएंगे फायदा क्या मैं कहती हूं अच्छा पार हो जाओ मां के तरीके उल्टे होते हैं ना चल भाई पहले पार हो जाओ फिर मैं कहूंगी अच्छा अब पी कर देखो शराब पी नहीं सकते उल्टी हो जाएगी उल्टी हो जाएगी धर्म अब जागृत हो गया आपके अंदर तो वहां फेंक देगा आपकी शराब को आपकी ही नहीं सकते धर्म इस तरह इतने जोर से आपके अंदर जागृत हो जाता है कि फिर पाप और पुण्य जो है जैसे निर्वाचित विवेक हो जाता है उस तरह से अलग अलग हो जाता है और आप जान जाते हैं कि यह मेरे लिए रास नहीं आएगा यह मेरे माफी नहीं आने वाला यह मुझे सूट ही नहीं कर सकता इसकी एलर्जी है मुझको आप एलर्जी हो जाते हैं क्योंकि आपके अंदर आपका जो परम गुरु आत्मा है शिव स्वरूप आत्मा जागृत होकर के वही आपको समझा देता है कि भाई देखो यह चीज चलने वाली नहीं है अब हमसे क्योंकि आप अब आत्मा हो गए इसलिए अब आत्मा बोलेगा और बाकी जो चीज हैं गौण हो जाती है और मुख्य हो जाता है आत्मा

जय श्री माताजी

## इंदौर कलेक्टोरेट में तम्बाकू पर बैन

# सेवन करने वालों से वसूलेंगे फाइन; 14 जून को कर्मचारियों के डेंटल चैकअप के लिए कैम्प



इंदौर( अशोक सैनी ) कलेक्टर कार्यालय को तम्बाकू मुक्त कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर कार्यालय में तम्बाकू के सेवन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाएगा। तम्बाकू का सेवन करते पाए जाने पर संबंधितों से फाइन वसूला जाएगा। इसे लेकर सोमवार को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ यहां 14 जून को सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के डेंटल चैकअप के लिए फ्री कैम्प भी लगाया जाएगा।

दोपहर को कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी की अध्यक्षता में संपन्न एक बैठक में यह जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अजय देव शर्मा, अभय बेड़ेकर,राजेश राठौर, सपना लोवंशी, आर.एस. मंडलोई, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.देशराज जैन, बैजनाथ मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की माया पांडे सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के दांतों परीक्षण के लिए 14 जन को फ्री कैम्प लगाया जा रहा है। सभी से आग्रह किया गया है कि अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए दांतों का परीक्षण करवाकर फ्री इलाज करवाएं।

## इंदौर की गंदगी मुक्त बैकलेन में महापौर की पोहा पार्टी

# आरआरआर में रिपेयर भी जोड़ा, घर का सामान रिपेयर करने वालों को मिलेगा इनाम





**इंदौर की बैकलेन स्वच्छता के पैमाने में देशभर में नया इतिहास रचेंगी। जितनी सुंदर हमारी सड़कें है, उतनी ही सुंदर अब हमारी बैकलेन है। वार्ड 49 के तिलक नगर में यहां के नागरिकों के साथ मिलकर गंदगी से मुक्त बैकलेन में हम सबने पोहा पार्टी की।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा ये इंदौर के ऋऋऋ कंसेप्ट का पर्याय है। रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मैं इसमें एक आर और जोड़ना चाहता हूं। हम घर के कुछ सामानों को रिपेयर भी करें और रिपेयर करके उन्हें सुंदर बनाए। ऐसा करने वालों को मैंने इनाम की घोषणा भी की है।

महापौर भार्गव रविवार को वार्ड 49 के तिलक नगर क्षेत्र स्थित बैकलेन में लोगों के साथ उन्होंने पोहा पार्टी की। इस दौरान क्षेत्र के विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद राजेश उदावत भी साथ थे। पोहा पार्टी में क्षेत्र के लोगों ने हिस्सा लिया। पोहा पार्टी इसलिए की ताकि ये बता सकें कि जिस बैकलेन में पहले गंदगी पसरी रहती थी अब वहां बैठकर लोग खाना तक खा सकते हैं।

पार्षद राजेश उदावत ने बताया कि तिलक नगर क्षेत्र में करीब 20 बैकलेन है, जिसमें से 12 बैकलेन को साफ कर दिया है, 8 बैकलेन अभी बाकी है। इसी तरह वार्ड के महावीर नगर इलाके में 10 में से 6 बैकलेन और तिलक नगर एक्सटेंशन में 8 में से 2 बैकलेन साफ हो चुकी है। सांईनाथ कॉलोनी में रहवासियों ने बैकलेन को पैक कर दिया है। सभी से बात कर वहां भी साफ सफाई करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि ये लगातार चलने वाली प्रोसेस है। जो लोग यहां पर रहते हैं, वो ध्यान रखें की उनके घर के पीछे की बैकलेन गंदी न हो। पहले ये देखने में आता था कि लोग छत, खिड़की से बैकलेन में कचरा फेंक देते थे, लेकिन अब सभी रहवासियों को बताया जा रहा है कि बैकलेन को साफ स्वच्छ रखना उनकी जिम्मेदारी है। नगर निगम इसमें उन्हें सहयोग करेगा।

### बैकलेन को बनाया जा रहा स्वच्छता का मॉडल

इंदौर को स्वच्छता में सातवीं बार देश में नंबर 1 बनाने के लिए शहर की मुख्य सड़कों के साथ ही कॉलोनियों की बैकलेन को भी इतना स्वच्छ बनाया जा रहा हैकि यहां कई प्रकार की एक्टिविटी की जा सकती है। वार्ड क्रमांक 57 में भी बैकलेन को साफ और स्वच्छ किया जा चुका है।

जिस बैकलेन पर गंदगी और दुर्गंध का आलम रहता था वहां रहवासियों के बीच खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। बैकलेन में बैडमिंटन खेलने की सुविधा तक उपलब्ध करा दी गई है। पिछले दिनों नगर निगम अधिकारी रहवासियों के साथ बैकलेन में बैठकर चाय पार्टी भी कर चुके हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )